प्रादेषिक समाचार
आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 12.04.2025 समय : 18.30 पीएम

00000

- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पत्रकारों से आम आदमी की समस्याओं को सामने लाने का आह्वान किया।

- केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने लोगों से पर्यावरण संरक्षण के लिये ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने की अपील की।

- प्रदेश के स्कूलों में बच्चों को गर्मी के मौसम में डिहाइड्रेशन से बचाने के लिये खास पहल–पीने के पानी के लिये कई बार वाटर बेल बजेगी।

- हनुमान जयंती के पर्व पर प्रदेशभर में आस्था और भक्ति का माहौल–मंदिरों में दर्शनार्थियों का तांता।

000000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि पत्रकार लोकतांत्रिक प्रक्रिया के सजग प्रहरी होते हैं। वे वंचितों और दूर दराज की गांव ढाणियों की समस्याओं को उजागर करने में भी अहम भूमिका निभाते है। श्री बिरला आज ग्रेटर कोटा प्रेस क्लब के नवसंवत्सर स्नेह मिलन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यही लोकतंत्र की ताकत है कि अलग–अलग दृष्टिकोण वाले लोग भी चर्चा और संवाद से तालमेल बिठाकर काम करते है। श्री बिरला ने पत्रकारों को समाज में आम आदमी की आवाज बताया और उनसे संसदीय क्षेत्र की समस्याओं को सामने लाने का आह्वान किया।

-------

कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर और विधायक संदीप शर्मा भी मौजूद रहे।

00000

केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने आज सांसद संपर्क संवाद कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम के तहत वे 14 अप्रैल तक अपने संसदीय क्षेत्र अलवर की विभिन्न ग्राम पंचायतों का दौरा कर आम लोगों से संवाद करेंगे। केन्द्रीय मंत्री ने आज अलवर ग्रामीण की मोहब्बुतपुर ग्राम पंचायत में जल संचय जन भागीदारी के तहत वाटर हार्वेस्टिंग कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। सासंद श्री यादव ने आम लोगों से पीएम सूर्य घर योजना का फायदा लेने का आग्रह किया। उन्होंने युवाओं से टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में निक्षय मित्र बनकर सहयोग देने का आह्वान किया। सांसद श्री यादव ने लोगों से पर्यावरण बचाने के लिए अधिक से अधिक पेड लगाने की अपील की।

-----

0000

उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा आज सिरोही जिले के दौरे पर रहे। उन्होंने आबू रोड के मानपुर में बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया। अम्बेडकर सेवा समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने आजीवन वंचितों के उत्थान के लिए काम किया। उन्होंने सभी से बाबा साहेब के सिद्धांतों पर चलने की अपील की।

-----

केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने पाली जिले के तखतगढ में बाबा साहेब की मूर्ति का अनावरण किया। भीमराव अम्बेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में पाली में आज चिकित्सा शिविर लगाया गया और कई प्रतियोगिताएं भी रखी गई।

0000

झालावाड अब हवाई सेवा से जुड गया है। नवनिर्मित पंडित दीन दयाल उपाध्याय एयरपोर्ट से आज विमान ने दिल्ली के लिये उडान भरी। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे और सांसद दुष्यंत सिंह ने भी इसमें यात्रा की। झालावाड एयरपोर्ट का रन वे 3 हजार 120 मीटर लम्बा है। यहां से बोइंग 747 जंबोजेट भी आसानी से उतर सकते है।

0000

प्रदेश की अदालतों में 15 अप्रेल से सुनवाई का समय बदल जायेगा। ये बदलाव 27 जून तक रहेगा। राजस्थान उच्च न्यायालय और अधिनस्थ अदालतों ने गर्मियों के मौसम को देखते हुए आगामी 27 जून तक के लिये ये बदलाव किया है। हाईकोर्ट सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक खुलेगा। **वहीं निचली** अदालतों में सुबह 8 बजे से दोपहर साढे बारह बजे तक न्यायिक कार्य होगा।

0000

राज्य के स्कूलों में गर्मी के मौसम में इस बार एक खास पहल की जा रही है। अब विद्यालयों में वाटर बेल बजेगी यानी बच्चों को दिन में कई बार पानी पीने के लिए ब्रेक मिलेगा। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने सोशल मीडिया अकाउंट के जरिये इस बारे में जानकारी साझा की। इसके अनुसार भीषण गर्मी और लू की आशंका के मद्देनजर बच्चों को डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए ये बेल बजाई जायेगी। इसके साथ ही स्कूलों में पीने के साफ पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। शिक्षा विभाग के विशिष्ठ शासन सचिव विश्व मोहन शर्मा ने सभी जिला कलेक्टरों को इस बारे में पत्र लिखा हैं। बाडमेर से हमारे संवाददाता ने बताया कि गर्मी के मौसम में स्कूलों में पीने के पानी के साथ ही लू से बचाव के लिये ओ आर एस किट और अन्य व्यवस्थाएं पूरी की जा रही है।

------

00000

राज्य में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से पिछले दो–तीन दिनों में तापमान में थोडी गिरावट आई और लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। अधिकतर स्थानों पर दिन और रात के तापमान में 3 डिग्री सैल्सियस तक की गिरावट आई है। पश्चिमी विक्षोभ का असर आज भी कुछ स्थानों पर बना हुआ हैं। मौसम विभाग की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार आज राज्य के पश्चिमी और पूर्वी जिलों और इसके आस–पास के इलाकों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इनमें जैसलमेर, बीकानेर, बाड़मेर, श्रीगंगानगर और जयपुर, टोंक, बूंदी, बारां, कोटा तथा झालावाड़ शामिल हैं। इस दौरान इन इलाकों में धूल भरी आंधी और गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। 14 अप्रैल से प्रदेश में फिर से गर्मी तेज होने और लू चलने के आसार है। इस बीच आज कोटा में अधिकतम तापमान 42 दशमलव 5 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। चूरू और पिलानी में अधिकतम तापमान 41 दशमलव 5 डिग्री सैल्सियस रहा।

0000

राज्य सरकार पीएम–कुसुम योजना को प्रभावी रूप से लागू कर रही है। इसका उद्देश्य किसानों को स्वावलंबी बनाना और सौर ऊर्जा के उपयोग को बढावा देना है।

----

0000

हनुमान जयंती के अवसर पर आज प्रदेशभर में आस्था और भक्तिमय माहौल बना हुआ है। भरतपुर, सवाईमाधोपुर, बारां, धौलपुर, बाडमेर और जयपुर सहित कई स्थानों पर शोभायात्रा निकाली गई। कई स्थानो पर भण्डारे के आयोजन हुए और प्रसादी वितरण किया गया।

हनुमान मंदिरों में दर्शनार्थियों का तांता लगा हुआ है। चूरू के सालासर बालाजी धाम पर चल रहे लक्खी मेले में भक्तों की भारी भीड है। वहीं जयपुर के पास चौमूं के सामोद स्थित वीर हनुमान मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लम्बी कतारें देखी जा रही है। पाली जिले के डेंडा गांव में हनुमान जन्मोत्सव मेला भरा है। इसमें बडी संख्या में आस–पास के गांवों से लोग शामिल हो रहे है। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने जयपुर के खोले के हनुमान मंदिर में ''श्री हनुमन्त जन्मोत्सव" आरती समारोह में भाग लिया। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा जयपुर में सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर पंहुचे। उन्होंने विधिवित पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि और कल्याण की कामना की।

000000

भक्ति आंदोलन के प्रमुख संत पीपाजी की 702वीं जयंती भी आज मनाई जा रही है। इस अवसर पर बाडमेर और पाली सहित कई स्थानों पर शोभा यात्रा निकाली गई। झालावाड के गागरोन दुर्ग स्थित पीपाजी धाम में विशेष पूजा अर्चना और भजन कीर्तन के कार्यक्रम रखे गये।

000000

हज 2025 में भारतीयों के लिये सुगम यात्रा के सभी प्रबंध किये जा रहे है। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय के सचिव डॉ. चंद्र शेखर कुमार हज की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए सऊदी अरब की यात्रा पर हैं।

डॉ. कुमार ने हज सुविधाओं पर संतोष व्यक्त किया। एक सोशल मीडिया पोस्ट में अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने कहा कि सरकार हज यात्रा को आरामदायक बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही है।

000000